CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 46 रायपुर, सोमवार 10 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

भूपेश बघेल और उनके बेटे सहित 14 ठिकानों पर ईडी का छापा

दुर्ग/भिलाईनगर, 10 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर प्रवर्तन निदेशालय का छापा पड़ा है। ईडी की टीम ने आज सोमवार की तड़के भिलाई-3 पदुमनगर स्थित भूपेश बघेल के निवास और चैतन्य बघेल के घर पर छापेमारी की है। इसके अलावा टीम अन्य कई स्थानों पर कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन मामले से जुड़े कथित शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के ठिकानों पर छापा मारा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी छापेमारी की जानकारी लगाने पर उनके बड़ी संख्या में समर्थकों ने निवास पहुंचकर ईडी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के घर पर चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी कर रही है। ईडी कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ में 14 स्थानों पर छापेमारी कर रहा है।।

मिली जानकारी के अनुसार छापा शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग सहित अन्य मामले में जांच की जा रही है। इसका खुलासा नही हो पाया है कि ईडी ने छापा क्यो मारा है । इसके अलावा भिलाई दुर्ग में भिलाई के नेहरू नगर में मनोज राजपूत, चरोदा में अभिषेक ठाकुर और संदीप सिंह, कमल अग्रवाल, किशोर राइस मिल दुर्ग, सुनील अग्रवाल, सहेली ज्वेलर्स दुर्ग और बिल्डर अजय चौहान के यहां भी ईडी की कार्रवाई चल रही है। की जानकारी मिली है।

बताया जा रहा है कि ईडी की टीम के द्वारा पदुम नगर भिलाई तीन स्थित भूपेश बघेल के निवास पर खड़ी उनकी गाड़ियों की भी तलाशी ली। गाड़ी के अंदर रखे गए एक.एक कागजात एवं सामानों को भी अवलोकन किया गया। प्रत्येक वाहन के डिग्गी की भी तलाशी ली गई। इस छापे के बाद भूपेश बघेल के सोशल मीडिया भूपेश बघेल के कार्यालय से एक पोस्ट किया गया है किए जिसमें उल्लेखित किया गया है कि सात वर्षों से चले आ रहे झूठे केस को जब कोर्ट में बर्खास्त कर दिया गया तो ईडी के मेहमानों ने पूर्व सीएम के घर पर दबिश दी है। अगर इस षड्यंत्र से कोई पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा है, तो यह गलतफहमी है। पूर्व मुख्यमंत्री के सलाहकार रहे विनोद वर्मा ने मीडिया से कहा कि सरकार भूपेश बघेल को चुप करना चाहती है भूपेश बघेल पंजाब प्रभारी बनाए जाने के बाद से राष्ट्रीय महासचिव का जिस प्रकार से पंजाब के चंडीगढ़ एवं अमृतसर में स्वागत हुआ है उसके कारण भाजपा हिल गई है। इसलिए 7 साल पहले उन्हें अभियुक्त बनाया गया था। परंतु अदालत ने सारे मामले खारिज कर दिए हैं। भूपेश बघेल किस तरह से बड़ी हो सकते हैं भिलाई-3 पदुमनगर स्थित भूपेश बघेल के घर के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद हैं। ये सभी ईडी की कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस भूपेश बघेल के खिलाफ ईडी का दुरुपयोग कर रहे हैं। वही एक साल पहले महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप केस में एसीबी, ईओडब्ल्यू. ईडी की शिकायत पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत 21 आरोपियों पर मामला दर्ज की थी। इसमें ऐप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल समेत कई अज्ञात पुलिस अफसर और कारोबारियों के नाम भी शामिल हैं। वहीं, उस समय बघेल ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताया था।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ पहुंची

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद उनके समर्थकों की भारी भीड़ जुट गई। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के समर्थन में उनके भिलाई स्थित आवास पर पहुंचे और ईडी की कार्रवाई का विरोध किया। वहीं अब ईडी के छापे से जुड़ी एक और बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। दरअसल, पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके करीबियों के साथ भिलाई कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के घर भी ईडी की टीम ने दबिश दी है। मुकेश चंद्राकर वैशाली नगर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। इस चुनाव में मुकेश को हार का सामना करना पड़ा था। ईडी की टीम मुकेश के घर में भी दस्तावेज खंगाल रही है। भूपेश समर्थकों द्वारा ईडी के विरोध को देखते हुए भिलाई पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। पुलिस प्रशासन किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर है और प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास : भूपेश

एक्स पर पोस्ट किए गए बयान में कहा गया है पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने ईडी की कार्रवाई को लेकर कहा कि सात वर्षों से चले आ रहे झूठे केस को जब अदालत में बर्खास्त कर दिया गया तो आज ईडी के मेहमानों ने पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई निवास में आज सुबह प्रवेश किया है। अगर इस षड्यंत्र से कोई पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा है, तो यह गलतफहमी है।

आज अचानक कार्रवाई नहीं हुई : अरुण साव

भूपेश बघेल के आवास पर ईडी की छापेमारी पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि इस बात से कोई कैसे इनकार कर सकता है कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में बड़े घोटाले हुए हैं। ईडी की कार्रवाई लंबे समय से चल रही है। ऐसा नहीं है कि आज अचानक कोई कार्रवाई की गई है। ईडी लंबे समय से जांच कर रही है। जांच के दौरान उन्हें कुछ तथ्य और संदेह मिले होंगे। उसी के आधार पर ईडी ने यह कार्रवाई की है और अगर आपकी कोई भूमिका नहीं है, तो डरने या घबराने की कोई बात नहीं होनी चाहिए।

यह भाजपा का राजनीतिक प्रतिशोध : पायलट

भूपेश बघेल के घर ईडी छापे को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री के यहां श्वष्ठ का छापा स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की मंशा को उजागर करता है.

गरियाबंद में बड़े कैडर के तीन नक्सलियों ने ऑटो मैटिक वेपन के साथ किया आत्मसमर्पण

गरियाबंद, 10 मार्च (हाईवे चैनल)। जिले में नक्सल मुक्त अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। राज्य सरकार की आत्म समर्पण नीति से प्रभावित होकर तीन हार्डकोर नक्सलियों ने गरियाबंद पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। सोमवार को एडीजी, आईजी अमरेश मिश्रा, सीआरपीएफ डीआईजी , 211 के सीईओ की मौजूदगी में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया तीनों दिलीप, मंजुला, सुनीता और नक्सली बड़े कैडर के है। ये कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहें। इनके विरुद्ध कुल 15 लाख का इनाम था। बड़ी उपलब्धि है कि नक्सलियों ऑटोमैटिक हथियार के साथ समर्पण किया है। इस अवसर पर राज्य सरकार के आत्म समर्पण नीति के तहत प्रत्येक को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

नक्सल मुक्त अभियान में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

उल्लेखनीय है कि जिले में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के पोस्टिंग के बाद से नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। सघन सर्चिंग अभियान से नक्सलियों पर लगातार दवाब बनाया है। बार बार उन्हें जगह बदलनी पड़ रही है। वहीं बीते माह ही मुठभेड़ में पुलिस ने 17 नक्सलियो को मार गिराया था। इस घटना में नक्सलियों को बड़ा नुकसान हुआ था। सेंटर कैडर के बड़े नक्सली को भी मर गिराने में सफलता मिली थी। देखा जाए तो पुलिस के रणनीति के आगे अब नक्सलियों के हौसले दम तोड़ने लगे है। जिसके चलते नक्सली हिंसा त्याग कर मुख्यधारा में लौटने आत्म समर्पण ही राह अपनाने लगे हैं। इस अवसर पर एसपी निखिल राखेचा ने कहा कि एसटीएफ , सीआरपीएफ की टीम बेहतर काम कर रहीं है। पुलिस के सक्रियता के चलते नक्सलियों पर दबाव बढ़ा है। राज्य सरकार के आत्म समर्पण नीति से प्रेरित होकर तीन नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। एडीजी ने कहा कि बस्तर और रायपुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बेहतर रणनीती से काम कर रही है। हमारे द्वारा लगातार नक्सलियो के इको सिस्टम को ध्वस्त करने करवाई की जा रही है। नक्सलियो के कैडर को भी ध्वस्त किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है की नक्सली शासन की आत्म समर्पण नीति का लाभ उठाकर मुख्यधारा से जुड़ कर समाज के विकास में योगदान दे। इसी क्रम में रायपुर रेंज के गरियाबंद जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नक्सली उन्मूलन के तहत हमे ये सफलता मिली है। शासन की योजनाओ और नीति का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जिससे नक्सली मुख्याधारा में लौटे।

ब्रेकिंग न्यूज

कंटेनर से टक्कर के बाद कार के उड़े परखच्चे, 5 की मौके पर मौत

नई दिल्ली, 10 मार्च (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें कंटेनर और कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कंटेनर बस्ती से अयोध्या की ओर जा रहा था, जबकि कार सवार लोग गुजरात से गोरखपुर जा रहे थे। सुबह करीब 7 बजे यह हादसा नगर थाना क्षेत्र के गोटवा टाटा एजेंसी के पास हुआ। कंटेनर ने अचानक अपनी लेन बदल ली, जिसके कारण सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। हाईवे के बीच में डिवाइडर ना होने के कारण यह टक्कर बहुत ही जोरदार हुई। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी भयानक थी कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कार के अंदर फंसे घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। ड्राइवर की सीट में एक व्यक्ति फंसा हुआ था। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। थोड़ी देर में छह कलवारी और उनकी फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर लोहे की रॉड से कार के हिस्से को काटकर घायलों को बाहर निकाला। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया। इस हादसे के कारण हाईवे पर जाम लग गया था। पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हटाया और यातायात को सामान्य किया। हादसे में मरने वाले और घायल लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर भी ईडी का छापा पड़ा है।

चुहिया- हां जी, अब तो छापा और राजनीति की एक ही परिभाषा हो गई है।

टीडीपी सांसद का अनोखा ऐलान् तीसरे बच्चे पर 50 हजार का इनाम, लड़का हुआ तो गाय भी मिलेगी

नई दिल्ली, 10 मार्च (न्यूज चैनल)। आंध्र प्रदेश से तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के लोकसभा सांसद के अप्पाला नायडू ने घोषणा की है कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में तीसरे बच्चे वाले परिवारों को लड़की होने पर 50,000 रुपये की सावधि जमा राशि और लड़के होने पर एक गाय और बछड़ा मिलेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विजयनगरम के सांसद ने जनसंख्या वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि तीसरी लड़की के विवाह योग्य होने तक सावधि जमा राशि बढ़कर 10 लाख रुपये हो जाएगी। नायडू ने यह भी कहा कि उनके जीवन और राजनीति में शामिल कई महिलाओं ने उनके इस फैसले के पीछे उनका साथ दिया है। उन्होंने कथित तौर पर महिला दिवस के अवसर पर यह फैसला लिया है। इसमें उनकी मां, बहनें, पत्नी और बेटियां शामिल हैं। सांसद ने समाज में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर भी प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं का प्रोत्साहन समय की मांग है। सांसद ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से प्रेरणा ली, जिन्होंने घटती जन्म दर, खासकर दक्षिणी भारत में, को संबोधित करने की आवश्यकता के बारे में बात की है।

पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे, इस पर चर्चा होनी चाहिए : राहुल गांधी

नई दिल्ली, 10 मार्च (न्यूज चैनल)। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज सुबह 11 बजे शुरू हुआ। लोकसभा के एजेंडे के अनुसार, स्थायी समितियों की ओर से कई विधेयक और रिपोर्ट पेश की जाएंगी। दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा को पिछली बार 13 फरवरी को स्थगित किया गया था, जिसके बाद सत्र का पहला चरण समाप्त हो गया। दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। सरकार वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने पर जोर दे रही है, इस बीच, विपक्ष द्वारा मणिपुर में हाल ही में हुई हिंसा और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों सहित अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधने की उम्मीद है। राहुल गांधी ने लोकसभा में मतदाता सूची का मुद्दा उठाया। राहुल गांधी ने कहा कि पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे, इस पर चर्चा होनी चाहिए।

राहुल ने कहा कि पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। इससे पहले नई शिक्षा नीति और तीन भाषा विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा वे (डीएमके) बेईमान हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उनका एकमात्र काम भाषा की बाधाएं खड़ी करना है। वे राजनीति कर रहे हैं। वे शरारत कर रहे हैं। वे अलोकतांत्रिक और असभ्य हैं।

विधानसभा में विपक्ष का हंगामा, सदन की कार्यवाही बाधित, गर्भगृह में उतरा विपक्ष

रायपुर, 10 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन की कार्यवाही विपक्ष के भारी विरोध और हंगामे के साथ शुरू हुई. कांग्रेस विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी की छापेमारी का मुद्दा उठाते हुए सदन में जोरदार नारेबाजी की. इस हंगामे के बाद स्पीकर ने विपक्ष के विधायकों को निलंबित कर दिया.

प्रश्नकाल से पहले ही विपक्ष ने इस मुद्दे को सदन में उठाया और सत्ता पक्ष पर ईडी के जरिए डराने-धमकाने का आरोप लगाया. कांग्रेस विधायकों ने 'ईडी से डराना बंद करो' जैसे नारे लगाकर विरोध जताया. इस दौरान स्पीकर ने कहा कि प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद आप (विपक्ष) शून्यकाल के दौरान उठाए, लेकिन विपक्ष ने सदन के भीतर तेज हंगामे के साथ नारे लगाए, इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली. व्यवस्था के बाद भी लगातार विपक्ष सदन के भीतर नारेबाजी करते रहा. नारेबाजी के दौरान विपक्षी विधायक गर्भगृह तक पहुंच गए, जिसके बाद स्पीकर ने उन्हें निलंबित कर दिया. निलंबन के बावजूद कांग्रेस विधायक सदन के गर्भगृह में ही धरने पर बैठ गए और प्रदर्शन जारी रखा. वहीं इस मामले में बीजेपी के वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि विधानसभा में गैर-जिम्मेदारी से विपक्ष अपने दायित्व का निर्वहन कर रही है. विपक्ष अपनी बातों को नियमों के तहत उठा सकती है. सदन में छपे की बात कर कांग्रेस ने हंगामा शुरू कर दिया. कांग्रेस को नियम, क़ायदा, क़ानून पर विश्वास नहीं है. नियमों का पालन करना कांग्रेस के सिद्धांतों में नहीं है।

■ भूपेश बघेल के घर ईडी छापा मामला

भावना बोहरा ने उठाया अमानक बीज का मामला

विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पडरिया विधायक भावना बोहरा ने अमानक बीच अवैध रूप से बेचे जाने का मामला उठाया उन्होंने कहा कि उनकी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर इस प्रकार का कार्य किया जा रहा है उन्होंने इस पर ठोस कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ निजी दुकानदारों द्वारा खुद पैकेजिंग कर अनाप-शनाप रेट में अमानक बीज बेचे जा रहे हैं जो की किसानों के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है उन्होंने इस पर ठोस कार्रवाई की मांग की जवाब में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि जहां भी इस प्रकार की शिकायत आती है उस पर ठोस कार्रवाई की जाती है उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय बीज की बोरियो या पैकिंग में एक क्यूआर कोड रहेगा इसके माध्यम से सारी जानकारी सामने आ जाएगी। भावना बोहरा ने कृषि मंत्री से पूछा कि जिले में बीज के भंडारण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है क्या इस बार खाद के साथ साथ बीज का वितरण किया जाएगा यदि एक साथ वितरण किया जाता है तो यह किसानों के लिए अच्छा रहेगा अलग-अलग खाद और बीज की वितरण से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है क्या इस बार व्यवस्था में कोई सुधार किया जा रहा है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि एक साथ ट्रांसपोर्टिंग को लेकर कहीं ना कहीं दिक्कत आती है धीरे-धीरे इसमें सुधार किया जा रहा है और किसानों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा प्रदान किया जाने का प्रयास सरकार की ओर से किया जा रहा है।

निलंबन के बाद कांग्रेस विधायक दल की आपात बैठक

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन की कार्यवाही विपक्ष के भारी विरोध और हंगामे के साथ शुरू हुई. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी की छापेमारी को लेकर कांग्रेस विधायकों ने सदन में जोरदार नारेबाजी की और गर्भगृह में धरने पर बैठ गए. इस हंगामे के बाद स्पीकर ने विपक्षी विधायकों को निलंबित कर दिया. सदन में हुए निलंबन कार्रवाई के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने तुरंत कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई. यह बैठक नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में जारी है, दसवें सभी कांग्रेस विधायक मौजूद हैं. इस बीच मंत्री रामविचार नेताम और वित्त मंत्री ओपी चौधरी विपक्षी विधायकों को मनाने पहुंचे, लेकिन कांग्रेस ने सदन की कार्यवाही से बहिर्गमन कर दिया. इस बीच कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि विधानसभा में आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई हो रही है, कोई भी विधायक सदन में प्रश्न उठाता है तो उसके यहां ईडी भेज देते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि बीते शुक्रवार को भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सवाल उठाए थे और दो दिन बाद उन पर ईडी की कार्रवाई हो गई. उमेश पटेल ने कहा कि इसी तरह की कार्रवाई कवासी लखमा के खिलाफ भी की गई थी. भाजपा सरकार सदन में सवालों उठाने वालों की जुबान बंद करना चाहती है. कोई भी विधानसभा में प्रश्न उठाएगा उस पर कार्यवाही होगी. बीजेपी लोकतंत्र की हत्या कर रही है.उन्होंने कहा कि भाजपा रूपी अंग्रेजों से लड़ाई जारी रहेगी.

मास्टर-प्लान में अफसरों की मनमानी का उठा मुद्दा

विधायक राजेश मूणत ने विधानसभा में रायपुर शहर के मास्टर प्लान को लेकर जरूरी सवाल पूछे।राजेश मूणत ने सवाल पूछा है कि, वर्तमान रायपुर के मास्टर प्लान को लेकर गंभीर शिकायतें मिली हैं। इसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। इसकी जानकारी दीजिए ? जवाब में विभागीय मंत्री ओपी चौधरी ने इस बात को स्वीकारा है कि, रायपुर के मास्टर प्लान को लेकर शिकायतें मिली है। चौधरी ने विधानसभा में लिखित जवाब में जानकारी दी है कि, इसे लेकर एक जांच समिति गठित की गई है, जो जांच कर रही है। राजेश मूणत ने मास्टर प्लान को लेकर अपने सवाल में दावा किया है कि, रायपुर शहर के आवासीय इलाकों को व्यवसायिक शैक्षणिक इस्तेमाल, मनमाने ढंग से व्यवसाय या दूसरे कैटेगरी में बदल दिया गया है। मंत्री ओपी चौधरी ने इन्हीं शिकायतों की जांच होने की बात कही है। विधायक राजेश मूणत की ओर से यह भी पूछा गया है कि, मास्टर प्लान तैयार करने वाले जिम्मेदार अधिकारी कौन है। इसके लिखित जवाब में ओपी चौधरी ने बताया है कि, रायपुर का मास्टर प्लान तैयार करने में द्धस जयप्रकाश मौर्य, संदीप बागडे, भानु प्रताप सिंह पटेल, कमल सिंह, रोजी सिन्हा और मेघा चवढ़ा समेत 15 अधिकारी शामिल हैं।